## खास-खबरें

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई में डेढ़ साल में 10,534 आवेदनों का निराकरण

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जनवरी 25 से 9 जून 2026 के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया गया है। वर्ष 2026 में जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की संख्या में मई और जून माह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। मई 2026 में आयोजित जनसुनवाइयों में क्रमशः 231, 303, 278 एवं 314 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 09 जून 2026 को आयोजित जनसुनवाई में सर्वाधिक 314 आवेदन प्राप्त हुए, जो पूरे वर्ष की सर्वाधिक संख्या रही। अप्रैल 2026 की जनसुनवाइयों में 145 से 175 तक आवेदन प्राप्त हुए, जबकि फरवरी और मार्च में यह संख्या औसतन 120 से 165 के बीच रही। वर्ष 2025 में अधिकांश जनसुनवाइयों में 100 से 180 के बीच आवेदन प्राप्त हुए, जबकि वर्ष 2026 में कई अवसरों पर यह संख्या 200 से अधिक रही। जनसुनवाई में जनवरी 2025 से 09 जून 2026 तक कुल प्राप्त आवेदन संख्या 10,534 रही। 9 जून 2026 को सर्वाधिक 314 आवेदन प्राप्त हुए।

### ग्रीन वैली कॉलोनी में ब्राउन शुगर के साथ युवक-युवती गिरफ्तार

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** शहर की ग्रीन वैली कॉलोनी में नशीले पदार्थों की तस्करी की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक और युवती को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस को ग्रीन वैली कॉलोनी स्थित एक मकान से नशीले पदार्थों के कारोबार की जानकारी मिल रही थी। सूचना तंत्र से जानकारी की पुष्टि के बाद पुलिस ने दबिश देकर मकान से देवेन्द्र और अंबिका को पकड़ा। दोनों आरोपी ग्रीन वैली कॉलोनी में किराए से रह रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले में दो अन्य लोगों की भूमिका भी संदिग्ध सामने आई है, जिनकी तलाश की जा रही है।

### लवकुश जयंती चल समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** रविवार को कुशवाहा समाज संयुक्त संगठन के द्वारा लवकुश धर्मशाला और भोपाल नाका बजरंग मंदिर पर कुशवाह समाज की बैठक आयोजित की गई। कुशवाह समाज के आराध्य देव भगवान लव कुश की जयंती चल समारोह को लेकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज ने निर्णय लिया। समाज ने चल समारोह का अध्यक्ष समाज के वरिष्ठ बलराम कुशवाहा पटेल को चल समारोह का अध्यक्ष बनाया गया सितंबर माह में निकला जाएगा। बैठक में कुशवाहा समाज के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुशवाह, लखन लाल पटेल कुशवाहा, कुशवाहा समाज के पूर्व अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूनम चंद कुशवाहा, रामचंद्र कुशवाहा पटेल, मनोहर लाल कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, सनंद कुशवाहा,लक्ष्मी नारायण कुशवाहा लाइट वाले, बड़ी संख्या में संयुक्त कुशवाहा समाज संगठन के द्वारा यह निर्णय लिया गया।

### बारेलाल को जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** भारतीय जनता पार्टी ने जिले के वरिष्ठ नेता बारेलाल सूर्यवंशी को जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने बधाई दी। बताया गया कि भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति के बाद उन्हें यह दायित्व दिया गया। इसमें सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह, जिला प्रभारी राजो मालवीय, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों का सहयोग रहा। जिम्मेदारी मिलने पर सूर्यवंशी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो दायित्व सौंपा है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन के निर्देशों का पालन करेंगे। उनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं।

### बारिश भी नहीं रोक सकी आदिवासी समाज का उत्साह, भैरूंदा में उमड़ा जनसैलाब

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** विश्व आदिवासी दिवस पर रविवार को भैरूंदा नगर आदिवासी संस्कृति, परंपरा और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आया। रिमझिम बारिश के बीच भी हजारों लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। आदिवासी समाज की ओर से निकाले गए भव्य चल समारोह में पांच डीजे, ढोल-मांदल और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच युवक-युवतियां, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए। रैली ने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया। चल समारोह दोपहर करीब 3:30 बजे सीहोर मार्ग स्थित महक वाटिका मैरिज गार्डन से शुरू हुआ। सीहोर नाका, दुर्गा चौक और बस स्टैंड होते हुए रैली कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। करीब दो घंटे तक नगर की प्रमुख सड़कों पर आदिवासी समाज की सांस्कृतिक झलक दिखाई देती रही। पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों से सजे युवक-युवतियां आकर्षण का केंद्र रहे। कई युवा तीर-कमान लेकर अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करते नजर आए।

पंचायत शिकायत को लेकर खूनी संघर्ष

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे और धारदार हथियार, तीन की हालत गंभीर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** जिले के बेगमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भुरेरू में पंचायत संबंधी शिकायत को लेकर शुरू हुआ विवाद शनिवार रात खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। मारपीट में 8 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्राम पंचायत में प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए अधिकारी गांव पहुंचे थे। इसी दौरान राहुल रजक ने सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायत अधिकारियों के सामने रखी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। बताया गया कि राहुल रजक ने मामले को लेकर थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद शनिवार शाम बेगमगंज में एक दुकान पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। यहां भी कहासुनी हुई। रात में मामला फिर बढ़ गया और भुरेरू गांव में दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए।

रात में विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे और धारदार हथियार चलने लगे। अचानक हुए संघर्ष से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बेगमगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति नियंत्रित की। पुलिस ने घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया। घायलों में सौरभ साहू, सुमित साहू, चेतराम साहू, लक्की साहू, भूपेंद्र साहू, राजू साहू और रविशंकर साहू सहित अन्य शामिल हैं।

मारपीट में कई लोगों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि कुछ के हाथ-पैर में चोट लगी है। चिकित्सकों के अनुसार तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को आवश्यक उपचार दिया जा रहा है।

**पुलिस ने दर्ज किए बयान गांव में बल तैनात**

घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी सोनाली गुप्ता, थाना प्रभारी और पुलिस बल सिविल अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए हैं। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। तनाव को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# पारिवारिक विवाद में पत्नी और बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** पारिवारिक विवाद के दौरान पत्नी और बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला करने के मामले में भैरूंदा पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जब्त की। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे उपजेल भैरूंदा भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार ग्राम हाथीघाट निवासी सुनील धनवारे ने 29 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी कि रात करीब 12:30 बजे उसके पिता चम्पालाल धनवारे घर पहुंचे और शाम को हुए विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चम्पालाल ने कुल्हाड़ी से बेटे सुनील पर हमला कर दिया, जिससे उसके दाहिने पैर में चोट आई।

सुनील की चीख सुनकर उसकी मां लक्ष्मीबाई और बहन सविता बीच-बचाव करने पहुंचीं। इस दौरान आरोपी ने पत्नी लक्ष्मीबाई पर भी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों पैरों में गंभीर चोट आई। आरोपी ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घायलों को भैरूंदा के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से लक्ष्मीबाई को गंभीर हालत में रेफर किया गया। बाद में उनका नर्मदा अस्पताल में उपचार कराया गया।

मामले में थाना भैरूंदा में अपराध क्रमांक 426/26 दर्ज कर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण कायम किया गया था। विवेचना के दौरान लक्ष्मीबाई की मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि होने पर पुलिस ने धारा 118(2) भी बढ़ाई।

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के निर्देशन में पुलिस टीम ने 8 अगस्त को आरोपी चम्पालाल धनवारे (62) को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण गौर, प्रधान आरक्षक दीपक, प्रकाश और विश्वास की भूमिका रही।

# नागदा की पहाड़ी पर फिर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** जिले के नागदा क्षेत्र की पहाड़ी पर एक बार फिर तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बारिश के मौसम में तेंदुए की दस्तक से क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ गई है। पिछले वर्ष भी इसी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से लंबे समय तक भय का वातावरण बना रहा था।

स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुआ नागदा की पहाड़ी क्षेत्र में दिखाई दिया है। इसके बाद आसपास के ग्रामीण सतर्क हो गए हैं। लोगों को आशंका है कि तेंदुआ पहाड़ी से लगे आबादी वाले क्षेत्रों में भी पहुंच सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और तेंदुए की गतिविधियों का पता लगाने के लिए टीम भेजने की मांग की है।

बताया गया कि तेंदुआ पूर्व में भी क्षेत्र में लगातार नजर आया था और उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने प्रयास किए थे। हालांकि, वह पकड़ में नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष तेंदुए के साथ अन्य वन्यजीवों की मौजूदगी को लेकर भी क्षेत्र में चिंता बनी रही थी।

**वन विभाग की टीम का इंतजारः** तेंदुआ दिखाई देने की सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधित अधिकारी मोबाइल पर उपलब्ध नहीं हो सके। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में वन विभाग की टीम के पहुंचने की जानकारी नहीं थी। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल मौके पर टीम भेजकर स्थिति का जायजा लेने और सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है।

### श्री हिंदू उत्सव समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित

**गंजबासौदा।** बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। वरिष्ठ संरक्षक वाल कृष्ण अरोरा, बीके शर्मा, देवराज सिंह राजपूत, राजेश तिवारी और संयोजक सुमित मिश्रा सहित वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई।

नई कार्यकारिणी में सावन अग्रवाल को अध्यक्ष, धीरेंद्र सिंह सिकरवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लोकेश सक्सेना को सचिव, मनोज डागा को कोषाध्यक्ष, अभय शर्मा 'बंटी' को सांस्कृतिक सचिव, रविंद्र जैन को प्रवक्ता और ओमप्रकाश चौरसिया को अन्य दायित्व सौंपे गए।

समिति के शेष पदों पर नियुक्तियों का निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। कार्यकारिणी गठन के दौरान समिति के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। वरिष्ठजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समिति की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा जताई।

# व्यापारी के घर चोरी का खुलासा नहीं होने पर थाने पहुंचे लोग, आंदोलन की चेतावनी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** नगर की दाल मिल कॉलोनी में उद्योगपति एवं व्यापारी राजेंद्र वर्मा के घर 5 जुलाई की रात हुई लाखों रुपये की चोरी का एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी पूरा खुलासा नहीं हो सका है। चोरी गया माल बरामद नहीं होने और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यापारियों में नाराजगी है।

रविवार को व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हीरेंद्र मालवीय के नेतृत्व में 27 व्यापारिक इकाइयों के प्रतिनिधिमंडल ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी कपिल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने चोरी की घटना का जल्द पूर्ण खुलासा करने, सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने, चोरी गया माल बरामद करने और वर्मा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी संगठन आंदोलन करेगा।

पुलिस ने कुछ दिन पहले गुना से दो पारदी संदिग्धों को पकड़कर बरेली लाया था। थाना प्रभारी के अनुसार पूछताछ में दोनों के चोरी की घटना में शामिल होने की बात सामने आई थी। हालांकि, इनमें से एक संदिग्ध को गुना पुलिस वापस अपने साथ ले गई है। इसके बाद मामले को लेकर व्यापारियों में सवाल उठ रहे हैं। चोरी का माल भी अभी बरामद नहीं हुआ है।

**घर के बाहर संदिग्ध गतिविधि से बढ़ी चिंताः** व्यापारी संगठन के अनुसार 26 जुलाई की शाम करीब 7:30 बजे टवेरा वाहन क्रमांक एमपी 42 बीसी 0677 वर्मा परिवार के घर के पास पहुंचा था। वाहन में तीन युवक और दो युवतियां सवार थीं। दो युवतियों ने घर में प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें रोक दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा गया है।

राजेंद्र वर्मा का कहना है कि लगातार आश्वासन के बावजूद चोरी का माल बरामद नहीं हुआ है। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश और चोरी का माल बरामद करने के प्रयास कर रही है। जल्द मामले का खुलासा करने की बात कही गई है।

# मां सीवन के प्रति जागरूकता के लिए आज चढ़ेगी 101 मीटर की चुनरी, 'सीवन पुत्र' टीम का अनूठा आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** देश के प्रमुख श्रद्धा केंद्रों में से एक, मां सीवन के महिला घाट पर इस रविवार को एक भव्य और आस्था से सराबोर आयोजन होने जा रहा है। नदी की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'सीवन पुत्र' टीम द्वारा मां सीवन को 101 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी।

**आयोजन का मुख्य उद्देश्य :** चुनरी महोत्सव के आयोजन के पीछे मुख्य लक्ष्य स्थानीय नागरिकों को मां सीवन नदी से भावनात्मक रूप से जोड़ना है। इसके साथ ही, इस आयोजन के माध्यम से समाज में नदी की स्वच्छता को बनाए रखने और जल स्रोतों को संरक्षित करने का एक बड़ा संदेश दिया जा रहा है।

**4 महीनों से जारी है निरंतर अभियान :** सीवन पुत्र' प्रदीप चावड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम पिछले चार महीनों से भी अधिक समय से लगातार सीवन नदी की सफाई और जागरूकता अभियान चला रही है। इस निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि अब बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के मन में मां सीवन के प्रति जागरूकता और सम्मान का भाव जागा है। उन्होंने बताया कि नदी संरक्षण को लेकर इससे पहले भी कई सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

**शहरवासियों से शामिल होने की अपील :** इस रविवार को आयोजित हो रहे सीवन चुनरी महोत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए 'सीवन पुत्र' की पूरी टीम ने आम जनता से बड़ी संख्या में महिला घाट पहुंचने की अपील की है। निवेदन करने वाली टीम में मुकेश राय, प्रकाश यादव, कैलाश चव्हाण, लक्ष्मण सिंह चौकसे, जगदीश वर्मा, वैभव राठौर, प्रदीप साबू, ब्रजेश पाराशर, राधेश्याम मकवाना, प्रदीप चावड़ा, कनीराम मालवीय, अशोक नामदेव, सुरेश भगत, विनोद यादव, राजकुमार सोनी, योगेंद्र राय, उमेश चावड़ा, राहुल माहेश्वरी, रवि माहेश्वरी, देवेश सिसोदिया ,कैलाश चव्हाण, प्रदीप चावड़ा, वैभव राठौर, राधेश्याम मकवाना, राहुल राय, कनीराम मालवीय, लक्ष्मण चौकसे, जगदीश वर्मा, संतोष मेवाड़ा, राजकुमार सोनी, सुरेश भगत, राजेश शर्मा, सतीश सीठा, मांगीलाल मालवीय, विल्सन जैन, सुनील मालवीय, जितेंद्र कौशल, मनोहर राय, जगदीश गोयल, अथर्व चावड़ा, नितिन मालवीय, अलका कुशवाहा, सीमा शर्मा, सुनीता सोनी, ज्योति चावड़ा, अनिता माहेश्वरी, अर्चना श्रीवास्तव, दीपक दलोदिया, दीपक राठौर आदि है।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा की पुस्तकों का वितरण शुरू

**गंजबासौदा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली संस्कृति ज्ञान परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में तपोभूमि मथुरा से प्रकाशित संस्कृति ज्ञान परीक्षा की पुस्तकों का विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वितरण किया जा रहा है। इन पुस्तकों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों की जानकारी दी जाएगी। संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील प्रभारी एसके सैनी ने बताया कि पुस्तकों का यज्ञ के साथ विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद इन्हें विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में वितरित किया जाएगा।

परीक्षा में कक्षा पांचवीं से महाविद्यालय स्तर तक के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल होते हैं। अभियान के तहत डॉल्फिन हाई स्कूल ने 133 विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध कराई। सूची के आधार पर विद्यालय के 133 विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार की मुख्य ट्रस्टी पूनम तिवारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आधुनिक संकर बीज तकनीक से किसानों को मिलेगा लाभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जेएनकेवीवी) के महाराजपुर सब्जी अनुसंधान फार्म का उद्यानिकी निदेशक-सह-आयुक्त सौरभ सुमन ने शुक्रवार को भ्रमण किया। उन्होंने फार्म में चल रही अनुसंधान गतिविधियों, संकर बीज उत्पादन की आधुनिक तकनीकों तथा फल-सब्जी विकास से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान उन्होंने मंडी बोर्ड द्वारा वित्त-पोषित 'हाइब्रिड सीड प्रोडक्शन ऑफ वेजिटेबल क्रॉप्स' परियोजना के तहत स्थापित संकर बीज उत्पादन क्षेत्र का जायजा लिया। परियोजना प्रभारी एवं सहायक अनुसंधान निदेशक डॉ. अखिलेश तिवारी ने भिंडी में संकर बीज तैयार करने की प्रक्रिया, परागण विधि, मातृ-पितृ पंक्तियों के चयन, पृथक्करण दूरी और गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन की तकनीक की जानकारी दी।

इसके बाद आयुक्त ने अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत विभिन्न सब्जियों पर किए जा रहे मूल्यांकन परीक्षणों का निरीक्षण किया। उन्होंने शुष्क फल क्षेत्र में बेल, जामुन और इमली के पौधारोपण का अवलोकन किया तथा बेल में अपनाई जा रही उन्नत ग्राफ्टिंग तकनीक की जानकारी ली।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा, कुलसचिव डॉ. ए. के. जैन, निदेशक फार्म डॉ. विजय यादव और उद्यानिकी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. स्वाति बारछे सहित विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। समापन पर सुमन ने वैज्ञानिकों के शोध कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों का सीधा लाभ प्रदेश के किसानों तक पहुंचना चाहिए।

# बाल संप्रेक्षण गृह से अपचारी ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड से मारपीट कर हुए फरार, 6 पकड़ाए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** जिले में बेरियाखेड़ी स्थित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए सात बाल अपचारी ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक से मारपीट कर फरार हो गए।

बाल अपचारियों ने पहले सुरक्षाकर्मी पर डंडे से हमला किया और फिर बिस्तर के नीचे रखी मेन गेट की चाबी निकालकर चैनल गेट का ताला खोला। इसके बाद सातों मुख्य द्वार से बाहर निकलकर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने रात में ही सर्चिंग अभियान शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर पुलिस ने छह बाल अपचारियों को रतलाम से करीब 15 किलोमीटर दूर नामली क्षेत्र से अभिरक्षा में ले लिया। एक अब भी फरार है। घटना की गंभीरता को देखते हुए रविवार सुबह एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश पंद्रो, एसडीएम तरुण जैन, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया और औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और घटनाक्रम की जानकारी ली।

**चादर ओढ़कर सो रहा था होमगार्ड, अचानक किया हमलाः** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संप्रेक्षण गृह में तैनात होमगार्ड सैनिक चंद्रकांत पुत्र जानकी बल्लभ शर्मा शनिवार देर रात चैनल गेट के पास चादर ओढ़कर सो रहे थे। इसी दौरान सात बाल अपचारियों ने योजना बनाकर उन्हें घेर लिया। एक के

हाथ में डंडा था। पहले डंडे से मारा, इसके बाद सभी बाल अपचारी उस पर टूट पड़े। बिस्तर के नीचे रखी मेन शटर गेट की चाबी तलाश कर चैनल गेट का ताला खोला और बाहर वाले मुख्य द्वार से होकर भाग निकले। घायल होमगार्ड का मेडिकल कराया जा रहा है।

**रात 3 बजे पुलिस को मिली सूचनाः** औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी के अनुसार, पुलिस को घटना की सूचना रात करीब 3 बजे मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया और जिले के सभी थानों को अलर्ट किया गया। सीसीटीवी फुटेज में मिले हुलिए और फोटो के आधार पर अलग-अलग टीमों ने संभावित मार्गों पर तलाश शुरू की। पुलिस की घेराबंदी और सर्चिंग के दौरान छह बाल अपचारियों को नामली थाना क्षेत्र के पास से अभिरक्षा में ले लिया गया। एक बाल अपचारी की तलाश अभी जारी है।

**गंभीर अपराधों में निरुद्ध थे बाल अपचारीः** पुलिस के मुताबिक, फरार हुए बाल अपचारियों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच है। इन पर गंभीर अपराध दर्ज हैं। इनमें दो मादक पदार्थों की तस्करी, दो दुष्कर्म, एक हत्या, एक हत्या के प्रयास और एक रंगदारी से जुड़े मामलों में निरुद्ध था। एसपी अमित कुमार ने कहा कि मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

**सुरक्षा पर उठे सवालः** सात बाल अपचारियों के एक साथ सुरक्षाकर्मी पर हमला कर मुख्य गेट से बाहर निकल जाने की घटना ने संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस और प्रशासन अब यह भी जांच कर रहा है कि बाल अपचारियों के पास गेट की चाबी कैसे पहुंची और उन्होंने इतनी आसानी से परिसर से बाहर निकलने की योजना को कैसे अंजाम दिया।